ADFACTORS PR
Knowledge-driven communications

Published Date:	25 Aug 2018	Publication:	Dabang Dunia (Hindi)
Edition:	Indore	Page No:	8
MAV/CCM:	7116.8/11.12	Circulation:	25000

इंटर स्कूल आईटी क्विज-2018 में सेंटपॉल रनरअप

दबंग रिपोर्टर ■ इंदौर

प्रमुख आईटी सेवा, परामर्श तथा व्यावसायिक समाधानों की कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेस (टीसीएस) ने भारत के सबसे बड़े इंटर स्कूल क्विज, टीसीएस आईटी विज का आयोजन शुक्रवार को यूनिसिटी ऑडिटोरियम, आईआईपीएस के पास डीएवीवी विश्वविद्यालय परिसर, खंडवा रोड पर किया। इस साल इंदौर संस्करण में शहर के बाहर भोपाल, देवास, सीहोर और उज्जैन की टीमों ने भी भाग लिया।

कठिन मुकाबले वाली यह वार्षिक ज्ञानवर्द्धक पहल कक्षा 8वीं से 12वीं तक के स्टूडेंट्स के लिए थी। इसमें हर स्कूल से दो-दो सदस्यों की एक से ज्यादा टीमें भाग ले सकती थीं और कोई प्रवेश शुल्क नहीं था। इस साल टीसीएस आईटी विज विभिन्न तकनीकी धारा का सम्मिश्रण था, जिसे एनिमेशन सॉफ्टवेयर के प्रयोग से विकसित गेमिफिकेशन राउंड के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। पांच राउंड में मास पर्सनलाइजेशन, पारिस्थितिकी तंत्र का लाभ उठाना, घातांकीय मूल्य निर्माण करना और जोखिम स्वीकार करना सम्मिलित है। इनके अलावा टीसीएस/50 पर एक विशेष राउंड भी था। शुरुआती लिखित राउंड की शीर्ष 6 टीमों ने क्षेत्रीय फाइनल के लिए क्वालिफाई किया। क्षेत्रीय फाइनल में पांच राउंड क्विज के बाद दिव्यांश कुलश्रेष्ठ और शिवम शुक्ला सागर पब्लिक स्कूल भोपाल ने चैंपियन का खिताब जीता। विजेता टीम को 60,000 रुपए के गिफ्ट वाउचर दिए गए। वहीं रनरअप के लिए सेंटपॉल स्कूल इंदौर के संजयसिंह राजपूत व कार्तिक तिवारी को 40,000 रुपए के गिफ्ट वाउचर दिए गए।